Rajasthan Patrika

EDII

March 8, 2025
Pg.2

ईडीआईआई में स्टार्टअप समिट एम्प्रेसारियो का शुभारंभ

आज का समय इनोवेटर्स, इनोवेशन का है: धन सिंह

अहमदाबाद @ पत्रिका. उत्तराखंड के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज का समय इनोवेटर्स, इनोवेशन, नए विचारों, इनक्यूबेशन और निवेशकों का है। युवाओं को आगे बढ़कर अपने सामने उपस्थित अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। देश मजबूत उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र पर फोकस कर रहा है। वे हाल ही में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआईआई) के 13वें वार्षिक स्टार्टअप समिट एम्प्रेसारियो-2025 के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे।

उत्तराखंड में एक साल में 400 उद्यम स्थापित

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने ईडीआईआई के साथ मिलकर उद्यमिता को बढ़ावा देने की शुरुआत की है। सिर्फ एक वर्ष में 400 से अधिक उद्यम स्थापित हो चुके हैं। कई अन्य उद्यम स्थापित होने की प्रक्रिया में हैं।

उद्यमी के लिए अहम है नेटवर्किंग: शुक्ला

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने कहा कि नेटवर्किंग एक उद्यमी के लिए सीमाओं को बढ़ाने, अवसरों को संजोने और ज्ञान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में नये विचार, संसाधनों का सह-चयन करना, नेटवर्किंग करना और प्रयोग करना जारी रखना चाहिए। एम्प्रेसारियो वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन एक बड़ा नेटवर्किंग मंच है।

समिट में 40 से अधिक स्टार्टअप और 28 छात्रों ने निवेशकों के सामने अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया। क्रेडल स्टार्टअप, संस्थान के पूर्व छात्र, छात्र और लाभार्थियों सहित 45 से अधिक स्टार्टअप ने प्रदर्शनी स्टॉल लगाए हैं। यहां ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनीटर: इंडिया रिपोर्ट 2023-24 रिलीज की गई।